# केन्द्रीय विद्यालय संगठन, दिल्ली क्षेत्र

# KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN, DELHI REGION

## Pre-Board-I Examination 2025-26

**कक्षा/Class – XII** **विषय/Subject – राजनीति विज्ञान/Political Science**

**पूर्णांक/M.M – 80** **समय/Time – 3 घंटे/3 Hours**

सामान्य निर्देश:
• प्रश्न पत्र पाँच खंडों (A, B, C, D और E) में विभाजित है, जिसमें कुल 30 प्रश्न हैं।
• सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
• प्रश्न संख्या 1-12 एक अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
• प्रश्न संख्या 13-18 दो अंकों के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
• प्रश्न संख्या 19-23 चार अंकों के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर 100-120 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए। चार अंकों के प्रश्नों में दो प्रश्नों में आंतरिक विकल्प है।
• प्रश्न संख्या 24-26 अनुच्छेद, कार्टून और नक्शे पर आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। उत्तर उसी अनुसार दें।
• प्रश्न संख्या 27-30 छह अंकों के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर 170-180 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए। छह अंकों के प्रश्नों में आंतरिक विकल्प है।

**General instructions:**

- The question paper consists of five sections (A, B, C, D and E) with 30 questions in total.
- All questions are compulsory.
- Question numbers 1-12 are multiple choice questions of one mark each.
- Question numbers 13-18 are of 2 marks each. Answers to these questions should not exceed 50-60 words each.
- Question numbers 19-23 are of 4 marks each. Answers to these questions should not exceed 100-120 words each. There is an internal choice in two of the 4 marks questions.
- Question numbers 24-26 are passage, cartoon, and map based questions. Each Question carries 4 marks. Answer accordingly.
- Question numbers 27-30 are of 6 marks each. Answers to these questions is should not exceed 170-180 words. There is an internal choice in 6 marks questions.

### SECTION – A / अनुभाग – क

1. अंतरराष्ट्रीय राजनीति में "द्विध्रुवीयता" (Bipolarity) से क्या अभिप्राय है?
   a) एक ऐसी व्यवस्था जिसमें दो महाशक्तियाँ विश्व मामलों पर प्रभुत्व रखती हैं
   b) एक ऐसी व्यवस्था जिसमें कई शक्ति केन्द्र वैश्विक प्रभाव के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं

c) एक ऐसी व्यवस्था जिसमें कोई प्रमुख शक्ति नहीं होती और शक्ति का संतुलन बना रहता है
d) एक ऐसी व्यवस्था जिसमें केवल एक देश सम्पूर्ण विश्व शक्ति रखता है

1. What does "bipolarity" in international politics refer to?
a) A system with two superpowers dominating global affairs
b) A system with multiple power centers competing for global influence
c) A system with no dominant powers and a balance of power
d) A system where only one country holds all global power

2. कथन (A): रूसी गणराज्य, जहाँ येल्तसिन ने लोकप्रिय चुनाव जीता, ने केंद्रीकृत नियंत्रण से मुक्त होना प्रारंभ किया।
कारण (R): 1991 में एक तख्तापलट हुआ, जिसे कम्युनिस्ट पार्टी के कट्टरपंथियों ने प्रोत्साहित किया था।
(a) A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है।
(b) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।
(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।

2. Assertion (A): The Russian Republic, where Yeltsin won a popular election, began to shake off centralized control.
Reason (R): A coup took place in 1991 that was encouraged by Communist Party hard-liners.
(a) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.
(b) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A.
(c) A is true but R is false.
(d) A is false but R is true.

3. कौन-सा संगठन दक्षिण एशियाई देशों के बीच क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने का उद्देश्य रखता है?
a) आसियान (ASEAN)
b) यूरोपीय संघ (EU)
c) सार्क (SAARC)
d) नाफ्टा (NAFTA)

3. Which organization aims to promote regional cooperation among South Asian countries?
a) ASEAN
b) EU
c) SAARC
d) NAFTA

4. पाकिस्तान में पहली सैन्य तख्तापलट कब हुई थी?
a) 1947
b) 1958
c) 1965
d) 1971

4. The first military coup in Pakistan occurred in:
a) 1947
b) 1958
c) 1965
d) 1971

5. वैश्वीकरण के कारण विचारों का प्रवाह कहाँ तक हुआ है?
   (a) राष्ट्रीय सीमाओं के पार
   (b) राज्यों के भीतर
   (c) राजनीतिक दलों में
   (d) विभिन्न ग्रहों तक

5. Globalisation has led to the flow of ideas across:
(a) National boundaries
(b) State
(c) Political parties
(d) Different planets

6. सातवाँ विश्व सामाजिक मंच (World Social Forum) सम्मेलन कहाँ आयोजित हुआ था?
   (a) दिल्ली, जनवरी 2007
   (b) नैरोबी, जनवरी 2007
   (c) इस्लामाबाद, जनवरी 2007
   (d) न्यूयॉर्क, जनवरी 2007

6. The seventh World Social Forum (WSF) meeting was held in:
(a) Delhi, January 2007
(b) Nairobi, January 2007
(c) Islamabad, January 2007
(d) New York, January 2007

7. नीति आयोग ने किस संस्था का स्थान लिया?
   a) योजना आयोग
   b) वित्त आयोग
   c) चुनाव आयोग
   d) लोक सेवा आयोग

7. NITI Aayog replaced the:
a) Planning Commission
b) Finance Commission
c) Election Commission
d) Public Service Commission

8. कथन (A): विकास का अर्थ पश्चिम के औद्योगिक देशों की तरह आधुनिक बनना था।
   कारण (R): आधुनिकीकरण में पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं का विघटन और पूंजीवाद का उदय शामिल था।
   a) A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है।
   b) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
   c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।
   d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।

8. Assertion (A): Development was about becoming more modern like the industrialised countries of the West.
Reason (R): Modernisation involved the breakdown of traditional social structures and rise of capitalism.
a) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.

b) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A.
c) A is true but R is false.
d) A is false but R is true.

9. कांग्रेस प्रणाली को सबसे अधिक चुनौती किस दशक में मिली?
   a) 1950 का दशक
   b) 1960 का दशक
   c) 1970 का दशक
   d) 1980 का दशक

9. The Congress system was challenged mostly during which decade?
a) 1950s
b) 1960s
c) 1970s
d) 1980s

10. इंदिरा गांधी को वास्तविक आंतरिक चुनौती कहाँ से मिली?
   a) विपक्षी दलों से
   b) कांग्रेस सिंडिकेट से
   c) सेना से
   d) ट्रेड यूनियनों से

10. The real internal challenge to Indira Gandhi came from:
a) Opposition parties
b) The Congress Syndicate
c) The Army
d) Trade unions

11. 1989 की गठबंधन सरकार का नेतृत्व किसने किया था?
   (a) चंद्रशेखर
   (b) वी. पी. सिंह
   (c) आई. के. गुजराल
   (d) राजीव गांधी

11. Who headed the coalition government of 1989?
(a) Chandra Shekhar
(b) V.P. Singh
(c) I.K. Gujral
(d) Rajiv Gandhi

12. “हिंदुत्व की राजनीति” मुख्यतः किस पार्टी से जुड़ी है?
   (a) कांग्रेस
   (b) भाजपा
   (c) भाकपा
   (d) जनता दल

12. The politics of 'Hindutva' is mainly associated with which party?
(a) Congress
(b) BJP
(c) CPI
(d) Janata Dal

## SECTION – B / अनुभाग – ख

13. शक्ति के समकालीन केंद्र (Contemporary Centre of Power) से आप क्या समझते हैं?
13. What does the Contemporary Centre of Power mean?

14. विश्व बैंक के कोई दो कार्य लिखिए।
14. Write down any two functions of the World Bank.

15. वैश्वीकरण के दो राजनीतिक परिणाम लिखिए।
15. Mention any two political consequences of globalization.

16. महात्मा गांधी के अनुसार, 15 अगस्त 1947 का दिन "आनंद और दुख दोनों का" क्यों था?
16. According to Mahatma Gandhi, the day of 15 August 1947 was of both joy and sorrow. Why?

17. 'राजप्रसाद भत्ता' (Privy Purse) से आप क्या समझते हैं और इसे किसने समाप्त किया?
17. What do you understand by Privy Purse and who abolished it?

18. पंजाब समझौता (Punjab Accord) कब और किनके बीच हुआ था?
18. When was the Punjab Agreement (Accord) signed and between whom?

## SECTION – C / अनुभाग – ग

19. सोवियत प्रणाली (Soviet System) की चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
अथवा / Or
सोवियत संघ के विघटन के बाद पूरा विश्व एकध्रुवीय (Unipolar) बन गया। स्पष्ट कीजिए।
19. Describe four features of the Soviet System.
Or
After the disintegration of the Soviet Union, the whole world turned into a unipolar world. Explain.

20. आसियान विजन 2020 (ASEAN Vision 2020) की मुख्य विशेषताएँ लिखिए।
20. What are the main features of ASEAN Vision 2020?

21. दक्षिण एशिया के छोटे देशों और भारत के पारस्परिक संबंधों का विश्लेषण कीजिए।
अथवा / Or
पाकिस्तान में लोकतांत्रिक प्रणाली स्थिर क्यों नहीं हो सकी? स्पष्ट कीजिए।
21. Analyse the mutual relations between the small countries of South Asia and India.
Or
Why has the democratic system not been stable in Pakistan? Explain.

22. भारत में कांग्रेस के एकदलीय प्रभुत्व (One-Party Dominance) के कारणों का वर्णन कीजिए।
22. Describe the reasons for one-party dominance of Congress in India.

23. भारत में क्षेत्रीय असंतोष (Regional Dissatisfaction) को नियंत्रित करने के उपाय सुझाइए।
23. Suggest measures to control regional dissatisfaction in India.

## SECTION – D / अनुभाग – घ

24. नीचे दिए गए कार्टून का अध्ययन कीजिए और उसके बाद पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

i. कार्टून में दिखाए गए जैतून की शाखा और संयुक्त राष्ट्र (UN) के प्रतीक का क्या अर्थ है?
A. आर्थिक विकास
B. शांतिपूर्ण कूटनीति और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग
C. सैन्य हस्तक्षेप
D. राष्ट्रीय संप्रभुता

ii. यह चरित्र किस देश का प्रतिनिधित्व कर रहा है?
A. चीन B. रूस C. फ्रांस D. अमेरिका

iii. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में संयुक्त राज्य अमेरिका की शक्ति मुख्यतः किस कारण है?
A) उसके वित्तीय योगदान और वीटो शक्ति के कारण
B) केवल उसकी सैन्य शक्ति के कारण
C) उसके भौगोलिक आकार के कारण
D) महासचिव को चुनने की उसकी क्षमता के कारण

iv. संयुक्त राष्ट्र का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
A) न्यूयॉर्क सिटी, अमेरिका
B) ब्रसेल्स, बेल्जियम
C) जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड
D) पेरिस, फ्रांस

24. Study the cartoon and answer the following questions:
i. What does the olive branch and UN symbol in the cartoon represent?
A. Economic development B. Peaceful diplomacy and international cooperation C. Military intervention D. National sovereignty

ii. The character represents which country?
A. China B. Russia C. France D. USA

iii. The power of the United States within the Security Council of the UN is primarily due to:
A) Its financial contribution and veto power B) Its military power only C) Its geographical size D) Its ability to elect the Secretary General

iv. UN Headquarters is located at:
A) New York City, USA B) Brussels, Belgium C) Geneva, Switzerland D) Paris, France




25. मानचित्र प्रश्न / Map Based Question
भारत के राजनीतिक रूपरेखा मानचित्र में चार राज्यों को A, B, C और D के रूप में दर्शाया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों / केंद्रशासित प्रदेशों की पहचान कीजिए और उत्तर पुस्तिका में सूचना के क्रमांक तथा संबंधित अक्षर के साथ सही नाम लिखिए।

25. In the political outline map of India given below, four states have been marked as A, B, C and D. Identify these States/Union Territories on the basis of the information given below and write their correct names in your answer book along with the respective serial number of the information used and the concerned alphabet.


(i) मध्य प्रदेश से अलग किया गया राज्य।
(i) The state carved out from Madhya Pradesh.

(ii) स्वतंत्र भारत का पहला राज्य, जहाँ कम्युनिस्ट पार्टी ने शासन किया।
(ii) The first state of Independent India to be governed by the Communist Party.

(iii) यह राज्य पोत्तिश्री रामालु से संबंधित है।
(iii) The state relates to Potti Sriramulu.

(iv) भारत का वह राज्य/भाग जहाँ पहली बार वयस्क मताधिकार (Adult Franchise) के आधार पर चुनाव हुआ था।
(iv) The state/part of India where the first election was held on the basis of Adult Franchise.

| S.No. of the information used | Concerned alphabet | Name of the state |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |




26. नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके बाद पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

एक बार आपातकाल घोषित हो जाने पर संघीय शक्तियों का वितरण लगभग निलंबित हो जाता है और सभी शक्तियाँ केंद्र सरकार के हाथों में केंद्रित हो जाती हैं। सरकार को आपातकाल के दौरान मौलिक अधिकारों को सीमित या समाप्त करने का अधिकार भी प्राप्त होता है। संविधान के प्रावधानों से स्पष्ट है कि आपातकाल को एक असाधारण परिस्थिति के रूप में देखा गया, जिसमें सामान्य लोकतांत्रिक राजनीति कार्य नहीं कर सकती। इसलिए सरकार को विशेष शक्तियाँ प्रदान की गईं। 25 जून 1975 की रात प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद को आपातकाल लागू करने की सिफारिश की। उन्होंने तुरंत घोषणा जारी कर दी। आधी रात के बाद सभी प्रमुख समाचार पत्रों की बिजली काट दी गई और सुबह तक विपक्षी दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। 26 जून को सुबह 6 बजे मंत्रिमंडल को इसकी जानकारी दी गई।

i. 25 जून 1975 को किस अनुच्छेद के अंतर्गत आपातकाल घोषित किया गया था?
(a) अनुच्छेद 350 (b) अनुच्छेद 352 (c) अनुच्छेद 356 (d) अनुच्छेद 360

ii. आपातकाल की घोषणा किसने जारी की?
(a) राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद (b) प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी (c) जयप्रकाश नारायण (d) मोरारजी देसाई

iii. राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(a) संघीय ढांचा प्रभावी हो जाता है।
(b) सारी शक्तियाँ राज्य सरकारों के पास चली जाती हैं।

(c) सरकार मौलिक अधिकारों पर रोक नहीं लगा सकती।
(d) सरकार अनुच्छेद 20 और 21 के तहत मौलिक अधिकारों को भी निलंबित नहीं कर सकती।

iv. राष्ट्रीय आपातकाल किस कारण लगाया गया था?
(a) संवैधानिक संकट के भय से
(b) बाहरी संकट की संभावना से
(c) आंतरिक अव्यवस्था के भय से
(d) पाकिस्तान से युद्ध टालने के लिए

Read the following passage carefully and answer the questions that follow:-

Once an emergency is proclaimed the federal distribution of powers remains practically suspended and all the powers are concentrated in the hands of the union government. Secondly, the government also gets the power to curtail or restrict all or any of the Fundamental Rights during the emergency. From the wording of the provisions of the Constitution, it is clear that an Emergency is seen as an extraordinary condition in which normal democratic politics cannot function. Therefore, special powers are granted to the government. On the night of 25th June 1975, the Prime Minister recommended the imposition of Emergency to President Fakhruddin Ali Ahmed. He issued the proclamation immediately. After midnight, the electricity to all the major newspaper offices was disconnected. In the early morning, large number of leaders and workers of the opposition parties were arrested. The cabinet was informed about it at a special meeting at 6 a.m. on 26 June, after all this had it taken place.

i. Under which Article was Emergency declared on 25 June 1975?

(a) Article 350 (b) Article 352 (c) Article 356 (d) Article 360

ii. Who issued the Proclamation of Emergency?

(a) President Fakhruddin Ali Ahmed (b) Prime Minister Indira Gandhi (c) Jai Prakash Narayan (d) Morarji Desai

iii. Which of the following statement is true during the period of National Emergency?

(a) The federal structure of the sharing of powers becomes effective.

(b) All the powers come in the hands of the State Government.

(c) Government cannot ban Fundamental Rights if it is required.

(d) Government cannot suspend the fundamental rights under Article 20 and 21 even during the national emergency.

iv. On what basis was the National Emergency imposed?

(a) In the fear of constitutional disturbances

(b) In the possibility of external disturbances

(c) In the fear of internal disturbances

(d) To avoid war with Pakistan

## SECTION – E / अनुभाग – ङ

27. गैर-पारंपरिक सुरक्षा की धारणा (Non-Traditional notion of Security) से आप क्या समझते हैं? मानवता की सुरक्षा की संकीर्ण और व्यापक अवधारणा में अंतर स्पष्ट कीजिए।
अथवा
तीसरी दुनिया के देशों द्वारा झेले गए खतरों की तुलना प्रथम विश्व के देशों द्वारा झेले गए खतरों से कीजिए। अपने उत्तर के समर्थन में उदाहरण दीजिए।
27. What is meant by Non-Traditional notion of security? Explain the difference between narrow and broad concept of security of humanity.
Or
How are the threats faced by people in the Third World different from those faced by people living in the First World? Give examples in support of your answer.

28. जलवायु परिवर्तन (Climate Change) से आप क्या समझते हैं? पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में 'समान किंतु विभेदित उत्तरदायित्व' पर भारत का दृष्टिकोण समझाइए।
अथवा
सतत विकास (Sustainable Development) क्या है और इसे अधिक प्रभावी ढंग से कैसे लागू किया जा सकता है?
28. What do you understand by Climate Change? In the context of environmental protection what is India's viewpoint on common but differentiated responsibility?
Or
What is sustainable development and how can it be implemented more effectively?

29. भारत की गुटनिरपेक्ष नीति (Non-Alignment Policy) का विश्लेषण कीजिए।
"भारत उपनिवेशवाद समाप्ति प्रक्रिया का प्रबल समर्थक रहा है और उसने विशेष रूप से दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद (Apartheid) का दृढ़ता से विरोध किया।"
उदाहरण सहित इस कथन को उचित ठहराइए।

1962, 1965 और 1971 के युद्धों के भारत पर कारणों और प्रभावों का विस्तार से वर्णन कीजिए।
29. Analyze India's policy of Non-Alignment. 'India was a staunch supporter of the decolonization process and firmly opposed racism, especially apartheid in South Africa'. Justify the statement with the help of examples.
Or
Explain in detail the reasons and effects of the 1962, 1965 and 1971 wars on India.

30. 1980 के दशक के अंत की कोई तीन प्रमुख घटनाओं का विश्लेषण कीजिए जिन्होंने भारतीय राजनीति पर दीर्घकालिक प्रभाव डाला।
अथवा
2014 के आम चुनावों में लोगों ने केंद्र में स्थिर सरकार के पक्ष में मतदान किया। क्या आपको लगता है कि गठबंधन युग समाप्त हो गया है? अपने उत्तर को उपयुक्त तर्कों सहित स्पष्ट कीजिए।
30. Analyze any three developments towards the end of the 1980s that were to make a long-lasting impact on the politics of India.
Or
In the 2014 elections, people voted for a stable government at the Centre. Do you think that the era of coalition has ended? Support your answer with suitable arguments.